बाइक पर पीछे बैठा शख्स भी अब पहनेगा हेलमेट

नए नियम

- शहर में आज से ट्रैफिक विभाग करेगा सख्ती
- वाहन चालकों पर की जाएगी चालानी कार्रवाई

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 05 नवबंर. राजधानी में बाइक चलाने वाले और पीछे बैठने वाले हर शख्स को हेलमेट पहनना जरूरी हो गया है. गुरुवार से नियमों का पालन नहीं करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस सीधे तौर पर चालानी कार्रवाई करेगी.

बुधवार तक नगरीय ट्रैफिक पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाते हुए लोगों को समझाइश दी. भोपाल जिले में एडीजी पीटीआरआई के निर्देश के बाद गुरुवार से प्रदेशभर में मुहिम शुरू हो रही है. शहर में 18 प्वॉइंट पर चेकिंग होगी और चारों जोन में 4-4 पॉइंट चेकिंग के बनाए गए हैं. एक-एक चलित टीम भी हर जोन में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चलानी कार्रवाई करेगी, जो लोग अर्थदंड के तौर पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन नहीं करते, उन्हें भी चालान की रसीद पीओएस से ही दी जाएगी. बाइक में पीछ बैठने वाले 4 साल से बड़े व्यक्तियों के हेलमेट नहीं पहनने पर चालान कटेगा.

पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देशानुसार 17 अक्टूबर से दो-पहिया वाहन चालक और पीछे बैठी सवारी के हेलमेट पहनने के संबंध में जागरुकता अभियान शहर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थान, चौराहा एवं तिराहों पर चलाया गया.

गुरुवार से सभी स्थानों पर एसीपी के पर्यवेक्षण में दो-पहिया वाहन की चैंकिग की जाएगी. दो-पहिया वाहन चालक और पीलियन राइडर हेलमेट का उपयोग करें. हेलमेट धारण नहीं करने पर चलानी कार्रवाई की जाएगी. नगरीय पुलिस भोपाल ने आम जनता से अपील की है कि अपने व अन्य नागरिकों के जीवन, शरीर व वाहनों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यातायात नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें और यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें.

साइबर डेस्क के कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

भोपाल, 05 नवंबर . नगरीय पुलिस भोपाल के समस्त थानों में साइबर डेस्क के कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन बुधवार को किया गया. एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कार्यशाला को संबोधित किया. उन्होंने बताया कि साइबर मामलों में किस प्रकार से कॉल डिटेल, टॉवर लोकेशन, पीएसटीएन डेटा, आईपी एड्रेस, यूआरएल सहित कैसे प्राप्त किया जाता है और विवेचना में इसका कितना महत्व रहता है . साथ ही अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह से हम किसी भी गंभीर अपराधों में जहां मोबाइल का उपयोग हुआ हैं, उनको किस तरह से डिटेक्ट कर सकते हैं, जैसी कई जानकारियां दी गई .

मतदाता सूची में धांधली पर धरपकड़ की मांग

विशेष संवाददाता

भोपाल, 05 नवबंर. कांग्रेस प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे ने बुधवार को हरियाणा में सामने आए खुलासों को भारत की चुनावी लोकतंत्र व्यवस्था पर सीधा प्रहार बताया.

उन्होंने कहा कि हरियाणा की मतदाता सूची में एक ही ब्राज़ीलियन मॉडल की तस्वीर को अलग-अलग नामों—सीमा, स्वीटी, सरस्वती, रश्मि और विमला—के साथ दर्ज पाया गया है. बताया जा रहा है कि यह एक ही चेहरा दस मतदान केन्द्रों में 22 बार शामिल पाया गया. धौलपुरे ने इसे साधारण लापरवाही नहीं, बल्कि संगठित तरीके से रची गई लोकतंत्र पर हमला कहा.

धौलपुरे ने संबंधित मतदाता सूचियों और मतदान केन्द्रों की तत्काल फोरेंसिक जांच की मांग की. उन्होंने कहा कि जिन प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका इसमें पाई जाए, उन्हें निलंबित या बर्खास्त किया जाए. इसके साथ ही उन्होंने इस पूरे मामले की सच्चाई उजागर करने के लिए उच्चस्तरीय विशेष जांच दल के गठन की मांग की.

कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि यह तस्वीर मतदाता सूची में कैसे शामिल हुई, फर्जी पहचान पत्र किसने तैयार किए, और चुनाव आयोग तथा स्थानीय प्रशासन इस पर अब तक चुप क्यों हैं. धौलपुरे ने कहा कि यह लड़ाई हर भारतीय मतदाता के अधिकार की है.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक उठाएगी और चुनाव आयोग से इस मामले पर निष्पक्ष सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करने की मांग की. इस खुलासे ने राष्ट्रीय राजनीतिक बहस को तेजी से गरमा दिया है.

जेल प्रहरी के भतीजे ने की आत्महत्या

मृतक के पड़ोसियों पर परिजनों ने लगाए आरोप

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 05 नवबंर. राजधानी में जेल प्रहरी के भतीजे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बुधवार को पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा. घटना स्थल के पास से पुलिस को सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ.

घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिवार के लोग गांव से भोपाल पहुंचे. युवक की मौत पर परिजनों ने पड़ोसियों पर ही गंभीर आरोप लगाए हैं. सेंट्रल जेल परिसर के जेल कॉलोनी में मृतक अभिषेक ओझा (22) ने अपने चाचा बृजेश ओझा के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. अभिषेक दो दिन पहले ही अपने चाचा के घर आया था. बृजेश भोपाल में मिले क्वाटर में अकेले रहते थे, उनके ड्यूटी पर जाने के बाद ही अभिषेक ने घर में फांसी का फंदा लगाकर झूल गया. देर शाम को बृजेश जब घर पहुंचे तो उन्होंने अभिषेक को फंदे पर लटकता देखा. घटना की जानकारी तुरंत ही गांधी नगर थाना पुलिस को दी गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक सांगरोज गांव जिला मौरेना का निवासी था. मृतक अभिषेक के परिजनों ने गांव के ही पड़ोसियों पर बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है. मृतक के पिता जगदीश का कहना है कि चार दिन पहले गांव में उनके एक मवेशी को पड़ोसियों पूरन और राहुल ने घायल कर दिया था.

जमानत के लिए फर्जी एफडी पेश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 05 नवबंर. डीसीपी जोन-2 कार्यालय में आरोपी की जमानत के लिए उसके साथी ने फर्जी एफडी पेश किया.

बागसेवनियां थाना पुलिस ने तत्काल ही मामले का खुलासा भी कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी गोपाल पाटिल के एक केस में फर्जीवाड़ा करते हुए उसके साथी ने जमानत लेने में फर्जी एफडी पेश की. आरोपी गोपाल और उसके साथी सलीम पर पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है. आरोप है कि सलीम ने मामले में डेढ़ लाख रुपए की एफडी डीसीपी कोर्ट में पेश की थी. इसी एफडी के माध्यम से दो अन्य लोगों की जमानत की कार्रवाई की जानकारी भी सामने आई. पुलिस ने जब एफडी के सत्यापन के लिए बैंक भेजा था, जहां बैंककर्मियों ने उसे फर्जी बताया. मामला सामने आने पर पुलिस ने आरोपी सलीम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है.

फर्जी एफडी के बनाने के मामले में सलीम के बयान के आधार पर पुलिस अब ग्वालियर के रहने वाले रियाज नाम के आरोपी की भी तलाश कर रही है.

नकबजनी का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

पुलिस ने बरामद किया सामान

भोपाल, 05 नवंबर. कोहेफिजा थाना पुलिस ने नकबजनी के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को ईदगाह हिल्स निवासी फरियादी संजय तलरेजा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. बताया था कि अज्ञात आरोपी ने उनकी दुकान में देर रात को चोरी की वारदात की. आरोपी ने दुकान का कांच तोड़कर दुकान मे से मोबाइल, टीएफटी स्क्रीन,एचपी सीपीयू, हार्ड डिस्क, यूपीएस, प्रिंटर सहित नगद रूपए चोरी कर लिए. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की.

घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज देखकर संदेही रोहित गौर उर्फ नानू से पूछताछ की गई . पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने जुर्म को स्वीकार कर लिया . पुलिस ने उसके पास से चोरी के सामान भी बरामद किए . आरोपी को कोर्ट में भी पेश किया गया .

मंडी शुल्क अपवचन और फर्जी दस्तावेजों पर मंडी बोर्ड सख्त

भोपाल. मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड ने मंडी शुल्क अपवंचन और फर्जी दस्तावेजों के जरिए कृषि उपज के अवैध परिवहन के मामलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं. बोर्ड के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कुछ व्यापारी और परिवहनकर्ता अधिसूचित कृषि उपज विशेष रूप से मूंगफली का परिवहन फर्जी बिल, बिल्टी और परमिट के माध्यम से कर रहे हैं, जिससे मंडी शुल्क की चोरी हो रही है. ग्वालियर-चंबल, सागर और जबलपुर संभागों से कई ऐसे प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें बिना शुल्क जमा किए कृषि उपज का अवैध परिवहन किया गया.

7 माह में 705 कोचों का किया रखरखाव

भोपाल,05 नवंबर. पश्चिम मध्य रेलवे के सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना (सीआरडब्लूएस) भोपाल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 705 कोचों का सफल पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया है.

कारखाने ने अक्टूबर माह में ही 94 कोचों का पीओएच आउटर्न कर अपनी दक्षता और उत्पादन क्षमता का परिचय दिया. यह उपलब्धि रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप है और कार्यकुशलता की दृष्टि से उल्लेखनीय है. वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी तथा प्रबंधन की टीम भावना और योजनाबद्ध कार्य प्रणाली से कारखाने ने यह सराहनीय उपलब्धि हासिल की है. पीओएच प्रक्रिया से सुनिश्चित होती है. सुरक्षा और गुणवत्ता पीरियोडिक ओवर हॉलिंग के दौरान कोचों की मरम्मत और अनुरक्षण के कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं, जिनसे रेल संचालन की सुरक्षा व यात्रियों की सुविधा में वृद्धि होती है. मुख्य कार्य इस प्रकार हैं. कोच की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है. ट्रॉली व बोगी के सभी आवश्यक हिस्सों की मरम्मत की जाती है, जो परिचालन सुरक्षा के लिए अत्यंत जरूरी हैं. एयर ब्रेक सिस्टम, बफर और संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत से यात्रियों को झटका-रहित यात्रा का अनुभव मिलता है. व्हील और एक्सल की जाँच व मरम्मत से ट्रेनों की परिचालन विश्वसनीयता बढ़ती है. इस तरह, सीआरडब्लूएस भोपाल रेलवे प्रणाली की रीढ़ के रूप में कार्य करते हुए देश के यात्री डिब्बों को नई ऊर्जा और सुरक्षा प्रदान कर रहा है.

समाधान योजना को मिला अच्छा रिस्पांस

02 दिन में जमा कराए 02 करोड़ 70 लाख रुपए

01 करोड़ 53 लाख का सरचार्ज माफ

भोपाल 05 नवंबर। 3 माह से अधिक के बिजली बिल बकायादारों के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने समाधान योजना शुरू करके एक बड़ी सौगात दी ह.

इस योजना के तहत अब तक कंपनी कार्यक्षेत्र में 1366 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया ह. साथ ही लगभग



02 करोड़ 70 लाख रुपए की मूलधन राशि कंपनी के खाते में जमा कराई ह. इसमें लगभग 01 करोड़ 53 लाख रूपए सरचार्ज माफ किया गया है. यहां उल्लेखनीय है कि विगत 3 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ऊर्जा विभाग द्वारा लागू की गई समाधान योजना 2025-26 का शुभारंभ किया था, तब से लेकर अब तक दो दिनों में ही 1366 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है और सरचार्ज में छूट प्राप्त कर मूलधन राशि जमा कराने में उत्साह दिखाया ह. कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे.

अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है.

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना ह. यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित ह. इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक रहेगी .

हाईटेंशन की चपेट से बुजुर्ग की मौत

घायल एक पोते की छुट्टी, दूसरे का इलाज जारी

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 05 नवबंर. हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए बुजुर्ग की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई. आनंद नगर में रहने वाले बुजुर्ग व्यक्ति के साथ ग्यारस के दिन हादसा हुआ था.

ग्यारस के दिन हुआ था दुखद हादसा

पूजा में गन्ने लगाने के दौरान लगा था करंट

हादसे के दौरान बुजुर्ग के साथ ही उनके दो पोते भी चपेट में आ गए थे. हमीदिया अस्पताल में एक पोते को छुट्टे मिल गई है, जबकि दूसरे का इलाज जारी है. पिपलानी थाना पुलिस ने बुजुर्ग की मौत पर मर्ग कायम कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार 78 वर्षीय शंकरलाल विश्वकर्मा एक नवंबर को अपने मकान की दूसरी मंजिल की छत पर पूजा करने के लिए पहुंचे. उनकी छत के बहुत पास से ही हाइटेंशन लाइन गुजरी है. पूजा में गन्ने को खड़ा रखने के लिए जैसे ही उन्होंने कोशिश की. वैसे ही हादसा हो गया. दादा के साथ ही पूजा कर रहे उनके पोते विनय और दीपक भी हादसे का शिकार हो गए. विनय अपने दादा के पास ही था. घटना में उनका चेहरा बुरी तरह झुलस गया है. दीपक पीछे खड़ा था. वह दोनों को दादा को बचाने की कोशिश कर रहे था, जिससे उसका हाथ झुलस गया था. दीपक के ठीक होने पर डॉक्टरों ने उसकी छुट्टी दे दी है, जबकि विनय का ही इलाज जारी है. बुजुर्ग के मौत की सूचना की जानकारी सामने आने पर पिपलानी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

किसानों को 10 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए बिजली कंपनी कृत संकल्पित

भोपाल. कंपनी द्वारा 31 अगस्त 2020 एवं 03 नवंबर 2025 को कृषि फीडरों पर निर्धारित अवधि से अधिक विद्युत प्रदाय किये जाने पर आर्थिक दंड की वसूली किये जाने संबंधी जारी परिपत्र से भ्रम की स्थिति पैदा होने के कारण इन दोनों परिपत्रों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है. राज्य शासन के निर्देशानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में किसानों को घोषित अवधि में कृषि फीडरों पर 10 घंटे निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है.

भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक बने सुयश

भोपाल, 5 नवम्बर 2025. भारतीय जनता पार्टी ने सुयश त्यागी को सोशल मीडिया का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है. उनकी नियुक्ति पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं.

भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि त्यागी संगठन की ऑनलाइन गतिविधियों को और सशक्त बनाएंगे तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों और योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावी रूप से जन-जन तक

पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएंगे. त्यागी लंबे समय से पार्टी की डिजिटल टीम से जुड़े हुए हैं और विभिन्न चुनाव अभियानों में उन्होंने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है.

बिहार राज्य में भाजपा के प्रति जनता की नाराजगी : कांग्रेस

विशेष संवाददाता

भोपाल. कांग्रेस के प्रवक्ता स्वदेश शर्मा ने बुधवार को बिहार के राजनीतिक माहौल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा) को स्पष्ट रूप से नकार दिया है.

शर्मा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जनता का गुस्सा साफ दिखाई दिया, और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भाजपा सांसद मनोज तिवारी को गुस्साई भीड़ से बचकर भागना पड़ा. उन्होंने एक अन्य घटना का भी उल्लेख किया, जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को कथित रूप से लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई, क्योंकि स्थानीय लोगों ने विरोध स्वरूप हेलीपेड को ही खोद दिया था. शर्मा ने पूछा, अब इसके लिए

वे किसे दोष देंगे ? शर्मा ने चुनाव आयोग की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार का कठपुतली बनकर रह गया है तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में असफल हो रहा है. उनके अनुसार ये घटनाएं भाजपा की नीतियों और कार्यशैली के प्रति जनता की असंतुष्टि को दर्शाती हैं.

राहत भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड ने बसों का दोबारा संचालन किया शुरू

राजधानी की सड़कों पर फिर दौड़ीं सीएनजी बसें

जूनियर रिपोर्टर

भोपाल, 05 नवंबर. शहरवासियों के लिए राहतभरी खबर है. लंबे इंतजार के बाद बीसीएलएल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) ने दोबारा सीएनजी लो-फ्लोर बसों का संचालन शुरू कर दिया है

. सोमवार से भैंसाखेड़ी से एम्स रूट तक कुल 16 नई सीएनजी बसें सड़कों पर उतर चुकी हैं. आने वाले 10 दिनों में कोकता से रातीबड़ रूट पर भी इतने ही वाहनों को शुरू करने की तैयारी है. बीसीएलएल के अनुसार, पहले ही दिन करीब 4500 यात्रियों ने इन बसों में सफर किया. यात्रियों को आधुनिक टिकटिंग, आरामदायक सीटिंग और बेहतर रूट कवरेज जैसी सुविधाएं मिलीं. वर्तमान में शहर में लो-फ्लोर बसों की संख्या 60 से बढ़कर 76 हो गई है.

शहर में कुल 149 बसें चलाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें अगले चरण में 77 नई बसों को जोड़ने की योजना है. फिलहाल 16 बसें टीटी नगर, एम्स, भैंसाखेड़ी, और पिपलानी जैसे व्यस्त रूटों पर चल रही हैं. हर बस में औसतन 250 से 300 यात्री सफर कर रहे हैं.

ऑटो और शेयरिंग गाड़ियों से होती थी परेशानी

बस में सफर कर रही कंचन देवी, जो रोज एम्स तक जाती हैं, ने कहा कि पहले ऑटो और शेयरिंग गाड़ियों में काफी परेशानी होती थी. अब सीएनजी बसें समय पर और आरामदायक हैं, जिससे सफर आसान हो गया है . नई बसें प्रदूषण रहित हैं और ईंधन की खपत भी कम करती हैं . आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या को देखते हुए अन्य रूटों पर भी इनका संचालन बढ़ाया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिल सके .

नगर निगम कर्मचारियों का वेतन अब दो सिस्टम से तैयार होगा

भोपाल. नगर निगम के कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है. तकनीकी दिक्कतों के कारण पिछले कुछ दिनों से वेतन भुगतान पर मंडरा रहा संकट अब टल गया है. नगर निगम आयुक्त ने इसका व्यावहारिक समाधान निकालते हुए आदेश जारी किया है कि कर्मचारियों का वेतन आधा पुराने सार्थक ऐप और आधा नए फेस अटेंडेंस सिस्टम के आधार पर तैयार किया जाएगा. नगर निगम के 16 हजार से अधिक कर्मचारी पिछले कई दिनों से चिंता में थे, क्योंकि फेस अटेंडेंस सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ियों के चलते हाजिरी सही तरीके से दर्ज नहीं हो पा रही थी.

11 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को अक्टूबर में 24 लाख की छूट

भोपाल, 05 नवंबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने अक्टूबर माह में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है.

कंपनी ने टाइम ऑफ डे (टीओडी) योजना के तहत अपने कार्यक्षेत्र के 3 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को कुल 4 करोड़ से अधिक की रियायत प्रदान की है. इनमें भोपाल ग्रामीण क्षेत्र के 11.5 हजार उपभोक्ताओं को 24 लाख की छूट दी गई है. कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि यह छूट सोलर ऑवर यानी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि में दी जाती है. इस दौरान 10 किलोवाट तक के स्वीकृत लोड वाले घरेलू, गैर-घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य, सड़क प्रकाश तथा निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलता है.